पौधों को राखी बांधकर महिलाओं ने हरियाली बचाने का संकल्प लिया

सारी गांव के जीजाडिया जोहड़ में अनोखा रक्षाबंधन समारोह मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत सारी के जीजाडिया जोहड़ में भाई-बहन के प्रेम का पर्व प्रकृति संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान एवं ग्राम पंचायत सारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पौधों को भाई मानकर रक्षा सूत्र बांधे और मंगल गीत गाकर उनकी रक्षा व नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अनूठी पहल ने रक्षाबंधन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए ग्रामीणों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान के कृषि एवं वानिकी समन्वयक शुभेंद्र भट्ट, सरपंच उमेद सिंह बराला, ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास चौधरी एवं एलडीसी राकेश बराला अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ग्रामीण श्रमिकों, मैट बिमला शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से पौधों की पूजा-अर्चना की, उन्हें राखी बांधी और मंगल गीतों के माध्यम से हरियाली संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर मिठाई बांटकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा की गईं।

झुंझुन के ग्राम पंचायत सारी के जीजाडिया जोहड़ में महिलाओं ने पौधों को भाई मान रक्षा सूत्र बांधे।

सरपंच उमेद सिंह बराला ने कहा कि जिस प्रकार भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की रक्षा और देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन, स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण का आधार हैं। उन्होंने ग्रामीणों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आव्हान किया। एलडीसी राकेश बराला ने बताया कि ग्राम पंचायत के दोनों राजस्व ग्रामों में पिछले चार वर्षों के दौरान डालमिया सेवा संस्थान, ग्राम पंचायत और ग्रामीण श्रमिकों के संयुक्त प्रयास से 8 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जो वर्तमान में अच्छी वृद्धि कर रहे हैं। इस वर्ष दोनों राजस्व ग्रामों में एक लीटर पानी वाली पद्धति से 2500 पौधे लगाने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में डालमिया सेवा संस्थान और ग्रामीणों के सहयोग से संपूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र को हरा-भरा बनाने तथा ग्राम पंचायत सारी को हरित ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। जीजाडिया जोहड़ क्षेत्र में भी पूर्व में सामूहिक प्रयासों से करीब 1200 पौधों का रोपण किया जा चुका है। रक्षाबंधन पर

- **महिलाओं ने 'पौधे हैं तो भविष्य है' का संदेश दिया, चार साल में लगाए 8 हजार से अधिक पौधे**

पौधों को राखी बांधने की पहल के माध्यम से ग्रामीणों ने इन पौधों के संरक्षण, नियमित सिंचाई और देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। डालमिया सेवा संस्थान के परियोजना समन्वयक शुभेंद्र भट्ट ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत करने वाली पहल है। 'पौधे हैं तो भविष्य है' के संदेश के साथ प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम में राजकुमार पचार, बिमला शर्मा, रघुवीर मावर, वीरेंद्र पचार उर्फ गुड्डू, विजय सिंह बराला, राजेंद्र पचार, बुधराम शर्मा, बबीता भाटीवाड़, लाजवंती, अंजू, महावीर, सरोज, चंद्रावली सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

अपहरण व हनी ट्रैप मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। अपहरण व हनी ट्रैप के दर्ज मामले में अनंतपुरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 हजार की इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 3 मई को फरियादी ने अनंतपुरा थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि एक लड़की ने मेसेंजर के जरिए संपर्क कर लोन लेने के बहाने उन्हें इंडियन पेट्रोल पंप पर बुलाया, जहां कागजात दिखाने के बहाने वह कार में बैठ गई और झालावाड़ रोड़ की तरफ ले गई। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि रास्ते में उसके अन्य साथी अजय मीणा, काजू गुर्जर, रईस गुर्जर, रूबीना व अन्य दो मोटरसाईकिलों पर आये और कार को रुकवा लिया। रिपोर्ट में कहा कि लोगों ने उसके साथ मारपीट की, चाकू दिखाकर डराया धमकाया और बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर अपहरण कर लिया और उसकी कार से बारां की तरफ ले गये, और एटीएम से जबरन 95,000 निकलवा कर हड़प लिए।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले में कार्रवाई के लिये टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। शहर एसपी ने बताया कि मामले में फरार चल रही महिला आरोपी पर 5 हजार इनाम राशि घोषित की गई। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 हजार की इनामी आरोपी कोटड़ी निवासी चेतना उर्फ गुनगुन को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़ी गई महिला आरोपी से मामले में अनुसंधान किया, पुलिस ने महिला आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

3600 लीटर स्पिरिट जब्त

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर आबकारी विभाग ने गोगुंदा में 2 बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 3600 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त की है। बरामद स्पिरिट की अनुमानित कीमत 4 लाख रुपए है, जिसका उपयोग निकाय चुनाव के दौरान अवैध शराब के निर्माण में किया जाना था। कार्रवाई आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में की गई। आबकारी विभाग के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि खोखरिया नाल के पास बालाजी रेस्टोरेंट में अवैध स्पिरिट का भंडारण शराब का निर्माण किया जा रहा है। टीम मौके पर पहुंची जहां कार्रवाई में 10 ड्रमों में 1700 लीटर स्पिरिट जब्त करते हुए मौके से आरोपी प्रकाश मेघवाल को गिरफ्तार किया।

तेरह साल के किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकट राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र की अग्निहोत्री कॉलोनी में रहने वाले तेरह साल के एक किशोर ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। उसने स्कूल नहीं जाने की बात की और सिरदर्द होना बताया। फिलहाल पुलिस अब अग्रिम जांच में जुटी है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि फलोदी जिले के बाप स्थित बारू हाल अग्निहोत्री कॉलोनी में रहने वाले 13 साल के बालक के अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन को पता लगने पर उसे तत्काल फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर

- **फंदा लगाने से पहले किशोर ने परिजन को सिरदर्द होने की बात की थी, पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा**

ने उसे मृत बता दिया। उसके बड़े भाई और एक अन्य रिश्तेदार ने मिलकर मर्ग की रिपोर्ट दी। फंदा लगाने से पहले किशोर ने अपने परिजन को सिरदर्द होने की बात की थी। बाद में फंदा लगा लिया। राजीव गांधी नगर पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची और कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा।

चाचा ने भतीजी के सिर पर पाइप से वार किया

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र के सिदडी खेरवाडा गांव में एक चाचा ने अपनी भतीजी पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिदडी खेरवाडा गांव निवासी मणि पुत्री नटवर कनिपा शुक्रवार रात अपने घर में बैठी थी। तभी उसका चाचा शराब के नशे में लोहे की पाइप लेकर वहां पहुंचा और मणि के सिर पर वार कर दिया। हमले में मणि लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी चाचा वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के पायलट शांतिलाल और ईएमटी निकुंज जोशी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल मणि को तुरंत डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, हमले के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

गांजे के साथ महिला को पकड़ा

टोंक, (निसं)। मेहन्दवास थानाधिकारी रामसिह यादव के नेतृत्व में गठित विषेष टीम व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना मेहन्दवास के ग्राम अरनियानिल में पानी की टंकी के पास महिला आरोपी बबीता सांसी पत्नि हेमराज सांसी निवासी अरनियानिल को अवैध मादक पदार्थ परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपिया के कब्जे से 4 किलो 291 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 30500 रुपये खरीद फरोख्त राशि व एक मोबाईल फोन जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जप्त गांजे की कीमत करीब एक लाख रूपये आंकी गई है।

पार्किंग में खड़ी दो गाड़ियों में आग लगी

सीकर, (निसं)। सीकर के सदर थाना इलाके में स्थित दुजोद गांव में मकान की पार्किंग में खड़ी दो गाड़ियों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ती गई, जिसके चलते पशुओं का चारा बनाने के लिए पास रखा सिलेंडर भी आग की चपेट में आकर जलने लगा। सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची जिन्होंने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार घटना दुजोद गांव में विनोद कुमार स्वामी के घर की पार्किंग की है। यहां पर सुबह दो गाड़ियां खड़ी हुई थी। जिनमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग लगने के चलते दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जलने लगी। पास में पशुओं का चारा बनाने के लिए रखा गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गया। ऐसे में इसकी सूचना सिविल डिफेंस और पुलिस को दी गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पा लिया। इस घटना में गैस सिलेंडर भी जला लेकिन समय रहते उसे पर काबू पा लिया गया अन्यथा वह सिलेंडर ब्लास्ट भी हो सकता था। प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि जहां पर आग लगी उसके नजदीक एक चूल्हा जल रहा था।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कोटा, (निसं)। सिमलिया थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है, अज्ञात वाहन से टकराने के बाद बाइक घसीटती हुए कुछ दूर तक गई और बाद में बाइक में भी आग लग गई।

जानकारी के अनुसार अंता कस्बे के कोटड़ी गांव निवासी बाइक सवार युवक कोटा से गांव की ओर जा रहा था कि सिमलिया इलाके में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मामले में सामने आया कि हादसे के बाद बाइक काफी दूर तक घसीटती हुई गई और बाद में बाइक में आग लग गई। सिमलिया थानाधिकारी नन्द सिंह ने बताया कि इलाके के पोलाई व कराडिया के बीच में अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। थानाधिकारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक सडक पर गिर गया, हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक घसीटते हुए दूर तक गई रगड़ से चिंगारी उठी और बाइक में आग लग गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान अंता कस्बे के कोटड़ी गांव निवासी विजय नागर के रूप में हुई मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अवैध बजरी भरे तीन डंपर पकड़े

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने माइनिंग एक्ट में कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे तीन डंपरों को जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ बजरी का अवैध खनन एवं परिवहन का मामला बनाया गया है। मामले बोरानाडा और लूणी में दर्ज किए गए है।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि एएसआई मनोहरलाल ने पेप्सी तिराहा के पास में संदिग्ध बजरी से भरे डंपर को रूकवाया। चालक और परिचालक से बजरी के संबंध में पूछताछ किए जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त किया गया, यह बजरी नदी से लादी गई थी। पुलिस ने माइनिंग एक्ट का प्रकरण बनाकर आरोपी महादेव कॉलोनी केरू निवासी श्यामसुंदर एवं लोहावट के डेरियों की ढाणी निवासी बिलाल खां को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह लूणी पुलिस थाने के एएसआई मनफूल राम ने अमृता देवी सर्किल फींच रोड पर अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त कर चालक मेवाराम देवासी को गिरफ्तार किया, जबकि एसआई राजेश कुमार ने इसी क्षेत्र में गिड़ा बालोतरा निवासी कमल चौधरी को गिरफ्तार कर अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त किया।

युवक पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस चलाने का आदेश

सीकर, (निसं)। सीकर में 42 साल की महिला के सुसाइड मामले में पति ने एक युवक पर परेशान करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच में इन आरोपों को झूठा माना। वहीं अब कोर्ट ने युवक पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस चलाने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार महिला ने 8 जनवरी 2025 को सुसाइड किया था। अगले दिन पति ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। परिवादी के एडवोकेट साजिद खान ने बताया कि पति ने पुलिस में दी रिपोर्ट में कहा था कि सुसाइड से पहले पत्नी ने उसे वीडियो कॉल किया था। रोते हुए कहा था कि एक युवक उसे कई दिनों से परेशान और ब्लैकमेल कर रहा है। ब्लैकमेल और बदनाम करने के नाम पर उससे रुपए और जेवरात भी ले चुका है। इससे परेशान होकर 8 जनवरी 2025 को पत्नी ने घर में सुसाइड कर लिया।

पुलिस ने पति की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस को महिला के मोबाइल जांच में सामने आया कि अक्टूबर 2024 से लेकर 8 जनवरी 2025 तक आरोपी युवक और महिला की व्हाट्सएप पर बातचीत होती थी। दोनों एक-दूसरे को वीडियो फोटो शेयर करते थे। घटना से पहले कई बार दोनों के बीच वीडियो कॉल भी हुआ। घटना के दिन भी आरोपी युवक और महिला का आपस में वीडियो कॉल हुआ था।

घटना वाले दिन भी दोनों की बीच बातचीत हुई थी। इसके आधार पर अब कोर्ट ने मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए महिला के पति के बयान सहित अन्य बयानों और मोबाइल डिटेल के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108(सुसाइड के लिए उकसाने) के तहत कोर्ट में नियमित रूप से ट्रायल चलाने का आदेश दिया है।

जोधपुर में महिला सफाईकर्मी की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के मेडिकल कॉलेज के सामने गुरूवार की अलसुबह एक महिला सफाईकर्मी की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। इस पर उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। संभवत: उसे दिल का दौरा पड़ा था। उसके रिश्तेदार की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी। वह नगर निगम में कार्यरत थी। सरदारपुरा पुलिस के अनुसार बोम्बे लॉज, रेलवे स्टेशन के सामने उदयमंदिर निवासी अनिल पुत्र सुरेश बारासा की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी चाची 45 वर्षीय शशि पत्नी ओमप्रकाश नगर निगम में सफाईकर्मी थी। गुरूवार की अलसुबह छह बजे वह मेडिकल कॉलेज के सामने सफाई कर रही थी। तब तबीयत बिगड़ गई। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, मगर मौत हो गई।

विद्या संबल योजना असमंजस के घेरे में

बीकानेर, (निसं)। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए शुरू की जा रही विद्या संबल योजना (गेस्ट फैकल्टी) एक बार फिर प्रशासनिक नीतिगत स्पष्टता के अभाव में विवादों और असमंजस के घेरे में आ गई है। 18 अगस्त को जिला कलेक्टरों को जारी पत्र के बाद विभिन्न जिलों में आनन-फानन में गेस्ट फैकल्टी लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन राज्य स्तर से एक समान दिशा-निर्देश न होने के कारण नागौर और भीलवाड़ा जैसे जिलों में आदेश जारी करने के तुरंत बाद उन्हें विड्रॉ (वापस) करना पड़ा। सबसे बड़ा संकट राज्य के करीब 25,500 सरप्लस शिक्षकों के वेतन को लेकर सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में राज्य में लगभग 25,500 शिक्षक बिना स्वीकृत पद के कार्यरत हैं। ये स्थितियां स्कूलों के मर्ज होने, एक ही पद पर डबल पोस्टिंग, बिना स्वीकृत पद के किए तबादलों, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बचे हिंदी माध्यम के शिक्षकों तथा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद में नए चयन के कारण उत्पन्न हुई हैं।

प्रागपुरा क्षेत्र में खेत की तारबंदी तोड़कर सामान चोरी

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के तुलसीपुरा गांव में चोरों ने खेत की तारबंदी तोड़कर करीब 50 हजार रुपए कीमत का रोटावेटर चोरी कर लिया। घटना के बाद खेत में दो मोटरसाइकिलों के टायरों के निशान और पैरों के निशान मिलने से चोरी को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय निवासी करतार सिंह शेखावत ने बताया कि रिलायंस पेट्रोल पंप से तुलसीपुरा गांव की ओर नदी जाने वाले एमडीआर मार्ग पर राजपाल सिंह शेखावत पुत्र प्रहलाद सिंह का खेत स्थित है। खेत में गोभी की फसल लगी हुई है। राजपाल सिंह के अनुसार वह देर रात तक खेत में ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहे थे। करीब रात दो बजे के बाद वह वहीं सो गए। इसी दौरान अज्ञात चोर खेत की तारबंदी तोड़कर अंदर घुसे और गोभी की फसल में कचरा साफ करने के काम आने वाला रोटावेटर चोरी कर ले गए। सुबह उठने पर रोटावेटर गायब मिला तो आसपास तलाश की गई। खेत में तारबंदी टूटी हुई थी तथा दो मोटरसाइकिलों के टायरों और पैरों के निशान भी दिखाई दिए। चोरी गए रोटावेटर की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। घटना की सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाने से एएसआई रामजस पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने मौके पर मिले निशानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाने की प्रक्रिया जारी है।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार इलाके के डीसीएम इन्द्रागांधी नगर में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया, जिसे नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उद्योग नगर थानाधिकारी आनंद यादव ने बताया कि इलाके के डीसीएम इंद्रागांधी नगर निवासी रमन खटीक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई से मना किया जिसके बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया, फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है।

सादुलशहर पालिका चुनाव के बहिष्कार का सामूहिक फैसला लिया

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहां सादुलशहर में धानका समाज ने नगरपालिका चुनाव के बहिष्कार का सामूहिक फैसला लिया है। समाज ने वार्ड 1 से 25 तक धानका समाज के परिवारों वाले वार्डों में किसी भी सदस्य के मतदान नहीं करने का निर्णय किया है।

समाज की मुख्य मांग धानका समाज के लोगों के एसटी प्रमाण पत्र जारी करने की है। प्रतिनिधियों ने कहा कि जो राजनीतिक दल, नेता या जनप्रतिनिधि प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए ठोस पहल और प्रभावी कार्रवाई करेगा, समाज उसका पूरा सहयोग

- **एसटी प्रमाण-पत्र की मांग को लेकर धानका समाज का फैसला**

करेगा। समाज ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान की मांग को लेकर लिया गया है और मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

समाज की मुख्य मांग धानका समाज के लोगों के प्रमाण पत्र जारी करने की है। समाज का कहना है कि जो भी राजनीतिक दल, नेता या जनप्रतिनिधि एऊ प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए ठोस पहल और प्रभावी कार्रवाई करेगा, धानका समाज उसका पूरा सहयोग करेगा। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव बहिष्कार का फैसला किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है। यह निणच्य अपने अधिकार और सम्मान की मांग को लेकर सामूहिक रूप से लिया गया है। समाज ने कहा कि अधिकार मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा और इस मुद्दे पर पूरा समाज एकजुट रहेगा।

खेतड़ी के करमाड़ी-पपुरना के बीच सड़क की बदहाली से वाहन चालक परेशान

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी-नीमकाथाना स्टेट हाईवे-13 पर करमाड़ी-पपुरना के बीच सड़क पर बना गहरा गड्ढा ग्रामीणों और राहगीरों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। लंबे समय से सड़क की इस बदहाल स्थिति के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किए जाने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।

गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने के बाद इसकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढे के कारण आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढे में गिरने से दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि इस मार्ग से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार आपात स्थिति में मरीजों को ले जाने वाली 108 एंबुलेंस भी इस गड्ढे में फंस चुकी है,



करमाड़ी-पपुरना के बीच सड़क पर बना गहरा गड्ढा ग्रामीणों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

जिससे आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया कि खेतड़ी से नीमकाथाना तक सड़क का निर्माण करीब एक वर्ष पहले करवाया गया था,

- **ग्रामीणों के अनुसार आपात स्थिति में मरीजों को ले जाने वाली 108 एंबुलेंस भी गड्ढे में फंस चुकी है**
- **ग्रामीणों ने प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग से करमाड़ी-पपुरना के बीच सड़क की तत्काल मरम्मत करवाने मांग की**

लेकिन निर्माण कार्य के दौरान कई स्थानों पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। करमाड़ी-पपुरना के बीच बना गहरा गड्ढा समय के साथ लगातार बढ़ता जा रहा है। पानी जमा रहने के कारण सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है। सैनी ने कहा कि बारिश के दौरान गड्ढा पानी से भर जाता है और वाहन चालकों को इसकी वास्तविक गहराई का पता नहीं चल पाता। ऐसे में विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक गड्ढे को भरने अथवा सड़क की स्थायी मरम्मत के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की अनदेखी के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि बड़े हादसे से पहले करमाड़ी-पपुरना के बीच सड़क की तत्काल मरम्मत करवाकर गहरे गड्ढे को भरा जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

उदयपुर : रोडवेज बस में सवार महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में रोडवेज बस में चढ़ते समय एक महिला का आधा तोले का सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया। महिला अपने बेटे के साथ चित्तौड़गढ़ जाने वाली रोडवेज बस में बैठी थी। बस में बैठते ही महिला को पता लगा कि उसके गले से किसी ने मंगलसूत्र छीन लिया। महिला ने बस में और आसपास देखा लेकिन कहीं नहीं मिला। घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र में उदयपोल चौराहा स्थित रोडवेज बस स्टैंड की है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई तेजसिंह ने बताया कि प्रार्थी किशन सालवी निवासी चित्तौडगढ हाल माली कॉलोनी उदयपुर ने मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी ललिता और बेटा चित्तौड़गढ़ जा रहे थे। बस में चढ़ने के बाद पत्नी को मंगलसूत्र गले से गायब मिला। एएसआई ने बताया कि बस स्टैंड प्लेटफार्म और परिसर में लगे सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार रक्षाबंधन पर्व को लेकर रोडवेज बस स्टैंड पर भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ थी। रोडवेज प्रबंधन की ओर से बार-बार जेब कतरों से सावधान रहने की अपील भी की जा रही थी। गुरुवार दोपहर 2 बजे जब चित्तौड़ जाने वाली बस जैसे ही स्टैंड पर पहुंची। तभी सीट पहले पाने के चक्कर में कई यात्री उस बस की तरफ दौड़े। यात्रियों की भीड़ बस में एक एक कर चढ़ने लगी। 10 मिनट बाद बस रवाना हुई। बैठने के बाद महिला को अपने गले में मंगलसूत्र गायब मिला।